आकाशवाणी गोरखपुर
प्रादेशिक समाचार

दिनांक–26 जुलाई 2025 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- देश के दूसरे सबसे लंबे समय तक निर्बाध कार्यकाल वाले प्रधानमंत्री बने नरेंद्र मोदी, कार्यकाल की निरंतरता के साथ पूरे हो चुके हैं चार हजार अठहत्तर दिन।
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उर्जा विभाग की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की, ट्रिपिंग, ओवर बिलिंग और अनावश्यक कटौती रोकने के दिये निर्देश, कहा– हर उपभोक्ता को हर महीने सही समय पर स्पष्ट और सटीक बिल मिलना चाहिए।
- केन्द्रीय मंत्री चिराग पासवान ने ग्रेटर नोएडा में छात्र संसद कान्क्लेव को किया संबोधित, कहा– युवा पीढ़ी पर है विकसित भारत के निर्माण की जिम्मेदारी।
- राष्ट्र आज मना रहा है कारगिल विजय दिवस।

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश के दूसरे सबसे लंबे समय तक निर्बाध कार्यकाल वाले प्रधानमंत्री बन गए हैं। इस अवसर पर नई दिल्ली में भाजपा प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जनता के जनादेश से यह कीर्तिमान हासिल किया है।

***कार्यकाल की निरंतरता के चार हजार 78 दिन पूर्ण हो गए। इसके द्वारा श्रीमती इंदिरा गांधी जी के कार्यकाल के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ते हुए जवाहरलाल नेहरू के बाद सबसे लंबे समय तक निरंतर प्रधानमंत्री के पद पर रहने का जन विश्वास जन आशीर्वाद और राष्ट्र की निष्ठा से युक्त यह कार्यकाल का रिकॉर्ड बनाने में जो प्रधानमंत्री जी का योगदान रहा है, उससे हर भारतवासी हर्ष का अनुभव कर रहा है।***

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आगामी दो अगस्त को प्रस्तावित वाराणसी दौरे को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। प्रधानमंत्री द्वारा वाराणसी जिले के सेवापुरी विधानसभा के कालिकाधाम बनौली में एक विशाल जनसभा प्रस्तावित है। प्रस्तुत है एक रिपोर्ट–

***प्रधानमंत्री के कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ निगरानी कर रहे हैं। जिला प्रशासन के आला अफसर खुद जनसभा स्थल पर पहुंच कर तैयारियों को परखने के साथ प्रस्तावित मार्गों ,सुरक्षा व्यवस्था, रुट डायवर्जन, वैकल्पिक मार्ग को लेकर भी सतर्क है। पूरे क्षेत्र का ड्रोन के माध्यम से सर्विलांस की तैयारी है। पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट वाराणसी मोहित अग्रवाल और जिलाधिकारी वाराणसी सत्येन्द्र कुमार जनसभा स्थल का निरीक्षण किया हैं। मनीष सिंह, आकाशवाणी समाचार, वाराणसी।***

**********

राज्य सभा और लोकसभा की कार्यवाही विभिन्न मुद्दों पर कल विपक्ष के हंगामे के बाद सोमवार तक के लिए स्थगित कर दी गई। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा है कि पहलगाम आतंकी हमला और ऑपरेशन सिंदूर पर सोमवार को लोकसभा में विशेष चर्चा होगी। श्री रिजिजू ने कहा कि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला की अध्यक्षता में हुई कार्य मंत्रणा समिति की बैठक में यह निर्णय लिया गया।

***मंडे से लोकसभा में 16 घंटे के लिए ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा होगी और ट्यूजडे को राज्यसभा में फिर 16 घंटे के लिए ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा होगी। यह स्पेशल स्पेशल डिस्कशन का एग्रीमेंट पहले बार नहीं है चर्चा करने का कई तरीके होते हैं इसलिए ऑपरेशन सिंदूर का चर्चा स्पेशल डिस्कशन होगा। कोई स्पेसिफिक रूल्स पर नहीं यह एक स्पेशल डिस्कशन है।***

श्री रिजिजू ने विपक्षी दलों से सत्र में बाधा न डालने की अपील की।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल लखनऊ में ऊर्जा विभाग की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की। बैठक में उन्होंने निर्देश दिए कि ट्रिपिंग, ओवर बिलिंग और अनावश्यक कटौती अब किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं की जाएगी। एक रिपोर्ट–

***मुख्यमंत्री ने कहा कि जहाँ जरूरत हो, वहां ट्रांसफॉर्मरों की क्षमता तुरंत बढ़ाई जाए ताकि ओवर लोडिंग की स्थिति न बने। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि फील्ड से प्राप्त वास्तविक शिकायतों का समाधान समयबद्ध ढंग से हो, ताकि जनता को राहत मिले। मुख्यमंत्री ने कहा कि हर उपभोक्ता को हर महीने सही समय पर स्पष्ट और सटीक बिल मिलना चाहिए। कृषि क्षेत्र को लेकर मुख्यमंत्री ने कृषि फीडरों के तेजी से पृथक्करण और किसानों को प्रधानमंत्री कुसुम योजना से जोड़ने के निर्देश दिए। समाचार कक्ष से मैं अरुण।***

**********

निवार्चन आयोग ने कानून और न्याय मंत्री के परामर्श से राज्यसभा के महासचिव को उपराष्ट्रपति के निर्वाचन के लिए चुनाव अधिकारी नियुक्त किया है। प्रस्तुत है एक रिपोर्ट–

***आयोग ने राज्यसभा सचिवालय के संयुक्त सचिव और निदेशक को उपराष्ट्रपति चुनाव के लिये सहायक चुनाव अधिकारी बनाया है। संविधान की धारा 324 के तहत निर्वाचन आयोग को भारत के उपराष्ट्रपति का चुनाव कराने का अधिदेश प्राप्त है। उपराष्ट्रपति चुनाव, राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति निर्वाचन विनियम, 1974 से संचालित होता है। राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति निर्वाचन अधिनियम 1952, की धारा 3 के तहत निर्वाचन आयोग केंद्र सरकार के परामर्श से चुनाव अधिकारी की नियुक्ति करता है। समाचार कक्ष से विवेक सिंह***

इसी माह के इक्कीस जुलाई को श्री जगदीप धनखड़ ने स्वास्थ्य कारणों से उप राष्ट्रपति पद से इस्तीफा दे दिया था। गृह मंत्रालय द्वारा श्री धनखड़ के इस्तीफे की अधिसूचना के बाद निर्वाचन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई।

**********

केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री चिराग पासवान कल ग्रेटर नोएडा के नॉलेज पार्क स्थित एक संस्थान में आयोजित नौवें छात्र संसद कान्क्लेव में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। इंडिया राइजिंग विषय पर आयोजित इस कान्क्लेव में केंद्रीय मंत्री श्री पासवान ने कहा कि प्रधानंमत्री नरेंद्र मोदी के वर्ष दो हजार सैंतालीस के विकसित भारत के निर्माण की जिम्मेदारी युवा पीढ़ी के ऊपर है।

***देश को आप सबसे बहुत उम्मीदें हैं। आप अमृतकाल की वो युवा पीढ़ी है जिनके कंधों के ऊपर आने वाले सालों में जिम्मेदारी होगी हमारे देश को विकसित देश बनाने की। जब मेरे प्रधानमंत्री कहते हैं कि दो हजार सैंतालीस तक भारत एक विकसित देश बनेगा। भारत को विकसित देश बनाने की जिम्मेदारी आप पीढ़ी के ऊपर है।***

**********

भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम– एलिम्को ने कानपुर नगर में कल आसरा मीट दो हजार पचीस छब्बीस का आयोजन किया। इसमें एलिम्को द्वारा अधिकृत विभिन्न राज्यों से छप्पन आसरा केन्द्रों के प्रतिभागी सम्मिलित हुए। एलिम्को कानपुर के महाप्रबंधक वित्त एवं प्रशासन, अतुल रस्तोगी, ने बताया कि आयोजन के दौरान आसरा केंद्र के प्रतिनिधियों को सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रशिक्षण दिया गया।

***हम लोगों का एक नया एक वर्टिकल सेंटर है जो आशा के नाम से जाना जाता है। ये हमारे सर्विसिंग पार्टनर हैं जो आशा के सेंटर्स हैं। इनको हम लोगों ने बुलाया है ताकि उनको कंपनी के बारे में ज्यादा से ज्यादा मालूमात दे सकें और उसके साथसाथ जो हमारे अल्टीमेट बेनिफिशियरी है, जो दिव्यांगजन हैं उनको सेवा हम लोग और तत्पर तरीके से कर सकें।***

**********

प्रदेश के मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने कल वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये सभी मण्डलायुक्तों और जिलाधिकारियों के साथ राज्य में चल रहे विकास कार्यों तथा कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा की। मुख्य सचिव ने कल उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित होने वाली समीक्षा अधिकारी और सहायक समीक्षा अधिकारी परीक्षा–दो हजार तेइस को शीर्ष प्राथमिकता पर सुचारू, निष्पक्ष और पारदर्शी ढंगे से आयोजित कराने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि अभ्यर्थियों को परीक्षा केन्द्रों तक पहुंचने में कोई दिक्कत न हो।

**********

राष्ट्र आज कारगिल विजय दिवस मना रहा है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। एक सोशल मीडिया पोस्ट के जरिये उन्होंने राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ दुर्गम पर्वतों पर पराक्रम की अमर गाथा रचने वाले मां भारती के अमर वीरों को नमन किया है।

प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कल अयोध्या में कारगिल विजय दिवस की पूर्व संध्या पर भूतपूर्व सैनिकों और वीरांगनाओं को सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पूरी दुनिया में सामरिक दृष्टि से भारत मजबूत हुआ है और उसमें कारगिल युद्ध का विशेष महत्व है।

***कारगिल एक ऐसा कठिन और जटिल युद्ध था जो बीहड़ और बड़ी ऊंचाइयों के ऊपर लड़ा गया था। लेकिन हमारे सैनिकों ने इस शौर्य, बहादुरी और पराक्रम का परिचय दिया और बहुत टर्निंग पॉइंट था जिसमें भारत सामरिक दृष्टि से अपने को काफी परिमार्जित करके और आज सक्षम बना है और दुनिया की सामरिक शक्ति के रूप में एक ताकत के रूप में उभरा है।***

**********

प्रदेश के मैनपुरी, पीलीभीत और बदायूं सहित कई पश्चिमी जिलों में भी कल शाम और उसके बाद मध्यम से लेकर तेज वर्षा हुई। वहीं, कल दिन में गोरखपुर, जौनपुर, महराजगंज और अयोध्या जैसे पूर्वी जिलों में हुई बारिश से लोगों को भीषण गर्मी और उमस से राहत मिली है। इस बीच, मौसम विज्ञान विभाग ने आगामी दिनों में भी प्रदेश के कई हिस्सों में वर्षा जारी रहने का पूर्वानुमान जताया है।

**********